# मुख्यमंत्री कल से ग्वालियर प्रवास पर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 मई ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 4 मई को ग्वालियर प्रवास प्रस्तावित है। ग्वालियर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव शिवपुरी लिंक

**ऋषि गालव विश्वविद्यालय का करेंगे भूमिपूजन और पशुपालक सम्मेलन में होंगे शामिल**

रोड पर बेलागांव ग्राम के अंतर्गत मध्यभारत शिक्षा समिति की महात्वाकांक्षी परियोजना 'ऋषि गालव विश्वविद्यालय' का भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद मेला मैदान में आयोजित होने जा रहे विशाल 'पशुपालक सम्मेलन' में भाग लेंगे।



पशुपालक सम्मेलन के अवसर पर मुख्यमंत्री जिले के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण भी करेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह के साथ बेलगांव पहुँचकर विश्वविद्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियां देखीं।

कलेक्टर रुचिका चौहान ने शनिवार को दोनों कार्यक्रम स्थलों के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालक सम्मेलन स्थल के निरीक्षण के दौरान कहा कि कार्यक्रम स्थल पर जीवंत प्रदर्शनी लगाई जाएं, जिससे किसान भाईयों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिल सके। साथ ही गर्मी को ध्यान में रखकर कार्यक्रम स्थल पर पेयजल इत्यादि की पुख्ता व्यवस्था की जाएं। साथ ही पार्किंग भी कार्यक्रम स्थल के नजदीक हो, जिससे कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे किसानों व पशुपालकों को कम से कम दूरी तय करनी पड़े। उन्होंने कहा दोनों कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, ओआरएस सहित प्राथमिक चिकित्सा की भी पुख्ता व्यवस्था रहे।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, एडीएम सी बी प्रसाद एवं मध्यभारत शिक्षा समिति के पदाधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधिगणों सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## 3 हजार का इनामी चोर पुलिस की गिरफ्त में ग्वालियर पुलिस की बड़ी सफलता

**ग्वालियर 2 मई.** क्राइम ब्रांच और थाना कम्पू की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए चोरी के मामले में फरार 3,000 रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना कम्पू के अपराध में फरार आरोपी वीरेन्द्र यशपाल जाटव, ठाठीपुर स्थित चौहान प्याऊ के पास देखा गया है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना कम्पू और क्राइम ब्रांच की एक विशेष संयुक्त टीम गठित की गई।

**भागने की कोशिश हुई नाकाम**–पुलिस टीम जब मौके पर पहुँची, तो आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। लेकिन मुस्तैद टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

# साडा के नव नियुक्त अध्यक्ष अशोक शर्मा 6 मई को कार्यभार ग्रहण करेंगे

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 मई ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं साडा के नव नियुक्त अध्यक्ष अशोक शर्मा 6 मई को साडा क्षेत्र में स्थित मुख्य कार्यालय पहुंचकर दोपहर एक बजे कार्यभार ग्रहण करेंगे। इससे पहले प्रातः 10 बजे तानसेन रोड स्थित पेट्रोल पंप पर भाजपा नेता, कार्यकर्ता और आमजन एकत्रित होंगे । जहां भाजपा नेता अशोक शर्मा एवं उपाध्यक्ष हरीश मेवाफरोश हजारों समर्थकों की मौजूदगी में पाताली हनुमान मंदिर पर पंडित गिरिराज शरण गुरु के आतिथ्य में पूजा ,अर्चना कर विशाल रैली के साथ साडा कार्यालय के लिए रवाना होंगे । रैली पाताली हनुमान मंदिर से



हजीरा चौराहा, चार शहर का नाका, सागर ताल एवं मोतीझील होते हुए साडा कार्यालय पहुंचेगी, जहां श्री शर्मा साडा के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे । रास्ते में अनेक स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ओर आमजनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा।

# सोशल मीडिया पर कट्टे के साथ वीडियो डालना पड़ा भारी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 मई ।** सोशल मीडिया पर रील और वीडियो के जरिए हथियारों का प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ ग्वालियर पुलिस सख्त रुख अपनाए हुए, अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, सोशल मीडिया पर कट्टे का वीडियो डालने वाले एक बाल अपचारी को अवैध हथियार सहित अभिरक्षा में लिया है।

**वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की घेराबंदी**–पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि जिस लड़के ने सोशल मीडिया पर कट्टे के साथ वीडियो वायरल किया था, वह बहोड़ापुर क्षेत्र के रेती बाबा मस्जिद, विनय नगर में हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए अति. पुलिस अधीक्षक अनु बेनीवाल और सुमन गुर्जर ने क्राइम ब्रांच व थाना बहोड़ापुर की संयुक्त टीम को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

**कमर में था 315 बोर का कट्टा**– पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देखकर लड़के ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे मुस्तैदी से पकड़ लिया। जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसकी कमर से 315 बोर का एक देशी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी के नाबालिग होने के कारण पुलिस ने उसे विधि सम्मत तरीके से अभिरक्षा में लिया है। थाना बहोड़ापुर में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 162/26, धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि नाबालिग के पास यह अवैध हथियार कहाँ से आया और इसमें किन लोगों की संलिप्तता है।

# ऊर्जा मंत्री ने जनसुनवाई में किया समस्याओं का निराकरण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 मई ।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को रेसकोर्स रोड स्थित अपने सरकारी कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर जरुरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना प्रदेश सरकार का संकल्प है। इसकी पूर्ति के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए समस्याओं का समाधान निर्धारित समय सीमा में करने की बात कही। ऊर्जा मंत्री श्रे जन-सुनवाई में आई जरुरतमंद महिलाओं को



तत्काल राशन दिलाने के निर्देश के साथ ही वृद्धजनों की वृद्धावस्था पेंशन तथा मुफ्त इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए हर जिला, तहसील स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस दिशा में सरकार सतत प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि विकास का यह सिलसिला अभी थमने वाला नहीं है। शहर के प्रत्येक नागरिक को अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना ही शासन की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आह्वान किया कि हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाएंगे और एक नया स्वस्थ, हरा-भरा, नशा मुक्त समाज बनाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकास की दिशा में यह कदम स्वच्छता, सुरक्षित जल और बेहतर जीवन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ग्वालियर सांस्कृतिक, औद्योगिक और पर्यटन केन्द्र के रुप में विकसित हो रहा है। बीते कुछ समय में शहरी बुनियादी ढांचे के उन्नयन के साथ-साथ पर्यावरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर ध्यान दिया गया है। शहर में चल रहीं विभिन्न विकास योजनाओं के पूरा होने से न केवल सुविधाएं बढ़ रही हैं, बल्कि ग्वालियर को एक विकसित स्मार्ट सिटी के रूप में पहचान मिल रही है।

# आईटीएम में 'एनुअल कल्चरल वीक' का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 मई।** आईटीएम यूनिवर्सिटी में 'एनुअल कल्चरल वीक' का आयोजन किया गया। जहां संस्थान के विभिन्न क्लबों द्वारा आयोजित विभिन्न

**भानु गुर्जर को बेस्ट थीम, अजली सोनी को बेस्ट कलेक्शन, मुस्कार दास को बेस्ट डिजाइनर का मिला अवार्ड**

प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। एनुअल कल्चरल वीक के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मिस यूनिवर्स-2025 शिविका सिंह, प्रसिद्ध फेशन डिजाइनर राधिका बिंदल शामिल हुईं।

इस अवसर पर आईटीएम के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, डीन अकेडमिक डॉ. रंजीत सिंह तोमर, डीन एसओईटी प्रोफेसर डॉ. मुकेश पांडे, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. तृप्ति पाठक सहित विभिन्न



विभागों के डीन, एचओडी, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

वहीं प्रतियोगिताओं का कोऑर्डिनेशन फैकल्टीज द्वारा किया गया। जिनमें काजल चौधरी, रक्षशा शर्मा, रक्षा शर्मा, डॉ. मनीष जैसल, निधि भंडारी, डॉ. गीतांजलि सुरंगे, डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ. विद्यालक्ष्मी पी., डॉ. रीता शर्मा, डॉ. राजकुमारी शर्मा, डॉ. रेखा वशिष्ठ, अविश्नी शर्मा, आकांक्षा तोमर, डॉ. वर्तिका सिंह, अभिषेक त्रिपाठी के नाम शामिल हैं, जिनके कोऑर्डिनेशन और मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

फेशन-शो में बीएससी फाइनल ईयर के छात्र-छात्राओं में शामिल भानु गुर्जर को बेस्ट थीम का अवार्ड प्रदान किया गया। इसी तरह अजली सोनी को बेस्ट कलेक्शन, जाहन्वी गिरी को बेस्ट क्रियेटिविटी, याशिका बेस्ट स्टायलिंग, मुस्कान दास को बेस्ट डिजाइनर का अवार्ड प्रदान किया गया। वहीं किड्स कलेक्शन में बीएससी फर्स्ट ईयर की छात्र-छात्राओं में शामिल अंजलि को बेस्ट डिजाइन, ज्योति रावत को बेस्ट क्रियेटिविटी और वैष्णवी कुशवाह को बेस्ट थीम का अवार्ड प्रदान किया गया।

**रंगोली में साक्षी, स्पॉट पेंटिंग में आयुषी, टेटू मैकिंग में अग्रता, कार्टूनिंग में आकाश, क्ले मॉडलिंग में ऐशिका और फेस पेंटिंग में स्पर्शी रहीं प्रथम**

आईटीएम यूनिवर्सिटी में 'एनुअल कल्चरल वीक' के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। जिसके तहत रंगोली मेकिंग में साक्षी शर्मा प्रथम रहीं। इसी क्रम में स्पॉट मेकिंग में आयुषी गुप्ता, टेटू मेकिंग में अग्रता जैन, कार्टूनिंग में आक्षा बंसोरिया, क्ले मॉडलिंग में ऐशिका सिंघल प्रथम और अनुष्का गुप्ता द्वितीय, फेस पेंटिंग में स्पर्शी जैन प्रथम और अंशिका रावत द्वितीय स्थान पर रहीं।

कैलीग्राफी प्रतियोगिता में श्रीजा प्रसाद प्रथम, वेदिका सिंह द्वितीय और प्रज्वल शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मॉडल प्रतियोगिता में शिवम राजपूत, जय राजपूत एवं शीतल ने प्रथम, स्वाथिका वी.आर. एवं वेंकट साईनाथ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्ट मेकिंग प्रतियोगिता में वंशिका साहि एवं जसमीत कौर ने प्रथम, माही नोडिया, विपिन एवं सौम्या ने द्वितीय और बबली, पूजा आर्य, चांदनी एवं हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऑन-द-स्पॉट फोटोग्राफी में मोहिनी सेंग ने प्रथम, पियूष प्रजापति ने द्वितीय ओर अनुज कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऑन-द-स्पॉट रील मेकिंग में याशिका सिंह ने प्रथम, हर्षिता शर्मा ने द्वितीय और आध्या गोयल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

-वाद-विवाद प्रतियोगिता में शुभांगी चौहान ने प्रथम, अंश चौबे ने द्वितीय और विपिन सिंह तोमर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डांस कॉप्टीशन में स्वाथिका वी. ने प्रथम, ओमश्री अग्रवाल ने द्वितीय और आईटीएम ट्रियो ग्रुप से स्नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 मई।** यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्वालियर रेलवे स्टेशन प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। स्टेशन पर लंबे समय से खुले पड़े रास्तों को अब स्थायी रूप से बंद करने का काम शुरू कर दिया गया

**असामाजिक तत्वों की आवाजाही रोकने के लिए खुले रास्ते किए जा रहे हैं बंद**

है। निर्माण कार्य के दौरान खुले इन रास्तों से असामाजिक तत्व आसानी से प्लेटफार्म तक पहुंच जाते थे और वारदातों को अंजाम देकर फरार हो जाते थे।

खुले रास्तों का फायदा उठाकर बदमाश प्लेटफॉर्म तक पहुंच रहे थे और यात्रियों के मोबाइल, बैग व अन्य कीमती सामान चोरी कर रहे थे। जीआरपी थाना प्रभारी दीपशिखा तोमर ने यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे अधिकारियों को पत्र लिखकर खुले रास्तों से होने वाले खतरों से अवगत कराया था।



पहले ठेकेदार द्वारा खुले रास्तों पर केवल ग्रीन नेट लगाई गई थी, जिसे आसानी से पार कर लिया जाता था। इसे हटाकर अब स्थायी टीन की चादरें और बैरिकेडिंग की जा रही है।स्टेशन पर विभिन्न निर्माण कार्यों के चलते कई स्थानों पर रास्ते खुले पड़े थे। ठेकेदार द्वारा इन पर ग्रीन नेट लगा दी गई थी, जिससे असामाजिक तत्वों का प्लेटफार्म पर प्रवेश नहीं रुक पा रहा था। यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अब रेलवे ने इन सभी रास्तों को स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही जीआरपी द्वारा भी स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक बढ़ा दिया गया है।

**इनका कहना है**

'यात्रियों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर खुले पड़े रास्तों को बंद करने का काम शुरू कर दिया गया है। ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि खुले पड़े रास्तों को इस तरह से बंद करें कि असामाजिक तत्व प्लेटफार्म पर किसी भी हाल में प्रवेश न कर सकें।'

**– मनोज कुमार सिंह, पीआरओ, झांसी मंडल**

# 25 परीक्षा केन्द्रों पर नीट यूजी-2026 परीक्षा आज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 मई ।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में नीट यूजी-2026 परीक्षा का आयोजन रविवार, 3 मई को किया जाएगा। परीक्षा जिले के 25 परीक्षा केन्द्रों पर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक एक सत्र में संपन्न होगी। परीक्षा में

**10,711 अभ्यर्थी होंगे शामिल जिला प्रशासन ने किए आवश्यक प्रबंध**

ग्वालियर के केन्द्रो पर कुल 10,711 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए कलेक्टर कार्यालय ग्वालियर के कक्ष क्रमांक-113 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 0751-2446214 है। यह कंट्रोल रूम 3 मई को प्रातः 9 बजे से परीक्षा समाप्ति तक अधीक्षक कलेक्ट्रेट आर.आई. भगत के निर्देशन में निरंतर कार्यशील रहेगा। परीक्षा से संबंधित शिकायत एवं सुझाव के लिए अभ्यर्थी एवं संबंधित व्यक्ति श्री आर.आई. भगत (मो. 94251-35143) से संपर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन की जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 30 मिनट पहले केन्द्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन, बैग एवं किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी। केन्द्रों पर किसी भी सामान को रखने की व्यवस्था नहीं रहेगी। अभ्यर्थी केवल पारदर्शी पानी की बोतल अपने साथ ले जा सकेंगे। संयुक्त कलेक्टर विनोद सिंह ने बताया गर्मी को ध्यान में रखते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों पर जनरेटर, ठंडे पानी एवं वेरिफिकेशन के दौरान छाया के लिए टेंट की व्यवस्था की गई है।

एनटीए द्वारा परीक्षा संचालन के लिए रोहित सक्सेना, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-3 (मो. 8006795042) एवं राजेश पाण्डेय, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 (मो. 9796800810) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# जनगणना 2027 में लापरवाही : अनुपस्थित प्रगणकों सुपरवाइजरों पर सख्ती, केस दर्ज करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 मई ।** जनगणना 2027 के तहत चल रहे महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही सामने आने पर जिला प्रशासन एवं नगर निगम ने कड़ा रुख अपनाया है।

अपर आयुक्त मुनीश सिंह सिकरवार ने बताया कि निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देश अनुसार जनगणना 2027 के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई 2026 से प्रारंभ हो चुका है, जिसे निर्धारित समय-सीमा में पूरा करना अनिवार्य है।



इसके बावजूद कुछ सुपरवाइजर एवं संबंधित कर्मचारी अपने दायित्वों से अनुपस्थित पाए गए हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा बार-बार दूरभाष के माध्यम से सूचना देने के बावजूद संबंधित कर्मचारी कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं।

प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 11 के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस प्रावधान के अनुसार, जनगणना कार्य में बाधा डालने, सहयोग से इनकार करने या सौंपे गए कार्य को न करने पर संबंधित व्यक्ति पर जुर्माना एवं कारावास दोनों का प्रावधान है। दोष सिद्ध होने पर एक हजार रुपये तक का जुर्माना और तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है।

पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि ऐसे अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन के इस कड़े रुख से यह संदेश साफ है कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अपर आयुक्त श्री सिकरवार ने बताया कि आने वाले दिनों में अनुपस्थित सुपरवाइजरों के खिलाफ कार्रवाई तेज हो सकती है, जिससे अन्य कर्मचारियों में भी जिम्मेदारी के प्रति गंभीरता बढ़ेगी।

# रोटावेटर की चपेट में आने से 14 वर्षीय किशोरी की मौत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 मई ।** चीनौर थाना क्षेत्र के ग्राम घरसौंदी में पिछले वर्ष नवंबर में हुए एक दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय किशोरी की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। पांच महीने तक चली गहन जांच के बाद पुलिस ने मृतका के पिता के खिलाफ लापरवाही और अनदेखी का मामला दर्ज किया है।

घटना 30 नवंबर 2025 की दोपहर चीनौर थाना क्षेत्र के ग्राम घरसौंदी की है। गुरमीत सिंह (45) पुत्र कर्म सिंह सिख अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई का काम कर रहे थे। ट्रैक्टर के पीछे रोटावेटर लगा हुआ था। इसी दौरान उनकी 14 वर्षीय बेटी सिमनदीप कौर उन्हें दोपहर का खाना देने के लिए खेत पर पहुंची।खेत में काम के दौरान सिमनदीप रोटावेटर पर चढ़ने की कोशिश करने लगी। इसी बीच अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह रोटावेटर में फंस गई। और वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसके बाद परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जांच और पुलिस कार्रवाई

घटना के समय पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की थी।

# 9वीं व 11वीं कक्षा की द्वितीय परीक्षा आज से

**ग्वालियर 2 मई।** लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं एवं 11वीं की द्वितीय परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। कक्षा 9वीं की परीक्षा 3 जून से शुरू होगी और 12 जून तक चलेगी, जबकि कक्षा 11वीं की द्वितीय परीक्षा भी 3 जून से शुरू होगी और 13 जून को समाप्त होगी। परीक्षा को लेकर संचालनालय द्वारा दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

वार्षिक परीक्षा में एक या एक से अधिक विषयों में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। कक्षा 9वीं में गणित विषय की परीक्षा विद्यार्थियों द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल के नामांकन में चयनित Standard गणित / Basic गणित के अनुसार आयोजित की जाएगी।

# 15 वर्षीय किशोर ने 12 वर्षीय बालिका से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 मई ।** डबरा सिटी थाना क्षेत्र से एक बेहद संवेदनशील और विचलित करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 15 वर्षीय किशोर ने 12 वर्षीय मासूम के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी। घटना का खुलासा तब हुआ जब दो दिन पहले आरोपी ने पीड़िता के साथ रास्ते में मारपीट की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

पीड़िता के पिता मजदूरी करते हैं, जबकि उसकी मां मानसिक रूप से अस्वस्थ है। पीड़िता के घर के पीछे की गली में रहने वाला 15 वर्षीय किशोर उसे परेशान कर रहा था। उसने एक कागज पर अपना मोबाइल नंबर लिखकर पीड़िता को दिया था। पीड़िता के पिता और भाई एक शादी समारोह में गए थे और उसकी मां घर पर मौजूद थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी बालक घर के अंदर घुस गया और उसे जबरन कमरे में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

जान से मारने की धमकी: वारदात के बाद आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि यदि उसने यह बात किसी को बताई, तो वह उसे जान से मार देगा।

घटना के बाद से पीड़िता डरी-सहमी थी। दो दिन पहले जब वह घर से बाहर जा रही थी, तब आरोपी ने उसका रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उस समय मौके पर मौजूद एक हलवाई ने बीच-बचाव कर बालिका को बचाया।

इसके बाद बालिका घर पहुंची और अपने पिता को पूरी घटना के बारे में बताया। पीड़िता की आपबीती सुनकर परिजनों के होश उड़ गए।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई**–पीड़िता के परिजनों ने मामले की सूचना डबरा सिटी थाना पुलिस को दी। शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने तत्परता दिखाई और नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और कानूनी प्रक्रिया जारी है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95